श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 134, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 20 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की रिकवरी दर 95.50

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया संतोष

**कोविड-19 : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में कोविड-19 की 95.50 प्रतिशत रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।**



**लखनऊ, जेएनएन।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार पर योगी आदित्यनाथ सरकार के अंकुश लगाने का प्रयास रंग ला रहा है। उत्तर प्रदेश में कोविड-19 की रिकवरी दर अब 95.50 हो गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी अब संतोष जताने के साथ अभी इसको और बेहतर करने का निर्देश दिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में कोरोना वायरस संक्रमण के साथ अनलॉक की समीक्षा की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। रिकवरी रेट संतोषजनक है, अभी भी इस दिशा में सभी प्रयास निरन्तर जारी रखे जाएं। कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए इस दिशा में सभी प्रयास निरन्तर जारी रखे जाएं।

इसके साथ ही टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। प्रदेश में सभी जगह कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए। इसके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ की रिकवरी दर को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में कोविड-19 की 95.50 प्रतिशत रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा जब तक कोविड-19 की कोई कारगर दवा नहीं आ जाती, तब तक पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखा जाए। उन्होंने प्रदेश में 2.23 करोड़ टेस्ट किए जाने पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिए कि टेस्टिंग कार्य में और वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए। उन्होंने जनपद लखनऊ की रिकवरी दर को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग ऑनलाइन ओपीडी चिकित्सीय परामर्श सुविधा का लाभ प्राप्त कर सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मालेगांव केस में इस महीने दूसरी बार अदालत में तारीख पर पेश नहीं हुई प्रज्ञा ठाकुर



**मुंबई, पीटीआइ।** मालेगांव में 2008 में हुए बम धमाकों के मामले में आरोपित भोपाल से भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर शनिवार को यहां विशेष एनआइए अदालत के समक्ष पेश नहीं हुई। यह एक महीने में दूसरा मौका है, जब प्रज्ञा अदालत में तारीख पर पेश नहीं हुई। प्रज्ञा के वकील ने कहा कि उन्हें शुक्रवार को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसकी वजह से वह अदालत नहीं पहुंच सकीं। अदालत में पांच आरोपित मौजूद थे। न्यायाधीश पीआर शित्रे ने दो अन्य आरोपितों की गैर मौजूदगी पर नाखुशी जाहिर की। अदालत ने इसके बाद सभी सातों आरोपितों को चार जनवरी को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। सांसद की तरफ से पेश वकील जेपी मिश्रा ने कहा, दिल्ली के एम्स में प्रज्ञा का अप्रैल से ही इलाज चल रहा है। वह वहां जांच के लिए गई थीं। उनकी चिकित्सा जांच रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टरों के निर्देश पर शुक्रवार को उन्हें भर्ती होना पड़ा। प्रज्ञा के अलावा एक अन्य आरोपित सुधाकर चतुर्वेदी भी व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर अदालत में पेश नहीं हुआ। अदालत ने मामले के सातों आरोपितों को तीन दिसंबर को पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि, ठाकुर समेत अधिकतर आरोपित महामारी की स्थिति का हवाला देते हुए तब अदालत में पेश नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने उनसे 19 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में मुंबई से 200 किलोमीटर दूर स्थित मालेगांव में एक मस्जिद के निकट 29 सितंबर, 2008 को एक मोटरसाइकिल में बांध कर रखे गए बम में धमाके से छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। पुलिस के मुताबिक, यह मोटर साइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी। इसी आधार पर उन्हें 2008 में गिरफ्तार किया गया था। बांबे हाई कोर्ट ने साल 2017 में प्रज्ञा ठाकुर को जमानत दे दी थी।

## पाकिस्तान और चीन को राजनाथ सिंह ने दी चेतावनी

## भारत के आत्म सम्मान पर चोट नहीं करेंगे बर्दाश्त




**नई दिल्ली, एएनआइ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हैदराबाद के डंडुीगल में एयर फोर्स अकादमी में कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब भारत आतंकवादियों के खिलाफ देश के भीतर ही नहीं बल्की सीमा पर जाकर भी जवाब देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने बालकोट में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दुनिया को भारतीय सेना की मजबूती को प्रदर्शित किया है। यही नहीं उन्होंने इस दौरान 1971 में लोंगेवाला की लड़ाई से लेकर बालाकोट हवाई हमले तक जिक्र किया।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि पश्चिमी सेक्टर में पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर आए दिन हमारा पड़ोसी कुछ ना कुछ नापाक हरकतें करता रहता है। पाकिस्तान ने एक नहीं बल्कि चार युद्धों में मात खाने के बाद भी पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए एक प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है।

यही नहीं रक्षा मंत्री ने चीन को भी करारा जवाब दिया। राजनाथ ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में हाल ही में भारत-चीन गतिरोध के बारे में सभी को पता है। कोरोना सकंट के समय भी चीन यह रवैया उस देश की नीयत को प्रदर्शित करता है। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि हमने यह दिखा दिया है कि भारत कमजोर देश नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक चैनल के जरिए बातचीत जारी है।

## अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद तथा हॉस्पिटल का डिजाइन जारी

**इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ने शनिवार को अयोध्या के धन्नीपुर में बनने वाले मस्जिद का डिजाइन जारी कर दिया है। ट्रस्ट की तरफ से जारी मस्जिद के अंडाकार डिजाइन में कोई गुम्बद नहीं हैं। मिनार वाली परंपरा से हट कर मस्जिद का डिजाइन तैयार किया गया है।**



**लखनऊ, जेएनएन।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होने के बीच में शनिवार को इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ने यहां बनने वाली मस्जिद का डिजाइन जारी कर दिया। यहां पर मस्जिद का निर्माण कार्य 26 जनवरी से शुरू कराने की योजना भी तैयार की गई है। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ने शनिवार को अयोध्या के धन्नीपुर में बनने वाले मस्जिद का डिजाइन जारी कर दिया है। ट्रस्ट की तरफ से आज जारी किए गए मस्जिद के अंडाकार डिजाइन में कोई गुम्बद नहीं हैं। इसके साथ ही मिनार वाली परंपरा से हट कर मस्जिद का डिजाइन तैयार किया गया है। अयोध्या में पांच एकड़ बनने वाली मस्जिद के साथ हॉस्पिटल व म्यूजियम का भी डिजाइन जारी किया गया है। अब सोसाइटी इसका नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में लगेगी।

धन्नीपुर में बनने वाली यह मस्जिद दो मंजिला होगी। इसका निर्माण कार्य दो वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है। अब इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन नक्शा पास होने और स्वायल टेस्टिंग के हिसाब से मस्जिद के निर्माण की तारीख तय करेगी। विशाल परिसर में मस्जिद के अलावा म्यूज्यिम, एक अस्पताल, लाइब्रेरी और कम्युनिटी किचन बनाया जाएगा। अंडाकार वाली इमारत मस्जिद की है और दूसरी इमारत में बाकी सुविधाओं के लिए जगह दी जाएगी। इसमें कितना खर्च आएगा, यह फिलहाल बताना मुश्किल है। ट्रस्ट ने बताया कि परिसर में जो मजार मौजूद है, उसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। विशाल मस्जिद में सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा। जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के आर्किटेक्ट विभाग के प्रोफेसर एसएम अख्तर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पत्रकारों के सामने इसका मॉडल जारी कर दिया।

मस्जिद में महिलाओं के लिए अलग से जगह दी जाएगी। मस्जिद में करीब दो हजार लोग एक साथ नमाज पढ़ सकेंगे। मस्जिद में बनने वाले अस्पताल में 200 बेड की व्यवस्था रहेगी। इसको सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का दर्जा दिलाया जाएगा। मस्जिद में ऐसा मेटेरियल इस्तेमाल होगा जिससे इसकी उम्र अधिक समय की हो।

सुप्रीम कोर्ट ने बीते वर्ष नौ नवंबर महीने में अयोध्या के मुतनाजा (विवादित) रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में राम मंदिर के साथ फैसला सुनाया था। इसके साथ ही केंद्र सरकार को मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन मुहैया कराने का निर्देश दिया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या की सोहावाल तहसील के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन अलाट की थी।

## राष्ट्रपति ने गोवा में लागू समान नागरिक संहिता को सराहा, बोले- यह गोवा के लिए गर्व की बात



**पणजी, आइएएनएस।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गोवा के 60वें मुक्ति दिवस के मौके पर राज्य में लागू समान नागरिक संहिता की सराहना की। आज ही के दिन 1961 में गोवा पुर्तगालियों की 450 साल की गुलामी से आजाद हुआ था। राष्ट्रपति ने कहा कि गोवा के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि उसके नागरिकों ने समान नागरिक संहिता को अपनाया है। इसकी वजह से गोवा में सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा मिलता है।

राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देशभर में समान नागरिक संहिता यानी एक समान कानून लागू करने की मांग की जा रही है। गोवा के लोगों को अत्यंत परिश्रमी करार देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब गोवा अपनी स्वतंत्रता के 60वें साल में प्रवेश कर रहा है, यह बहुत गर्व की बात है कि वह प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश में आगे बना हुआ है। इसका श्रेय यहां के परिश्रमी लोगों, जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत को जाता है।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आत्मनिर्भर भारत की तर्ज पर गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की ह्यआत्मनिर्भर भारत, स्वयंपूर्ण गोवाह्नपहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश, आत्मनिर्भर भारत के मंत्र पर चलते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ रहा है, तब गोवा ने मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के गतिशील नेतृत्व में ह्यआत्मनिर्भर भारत, स्वयंपूर्ण गोवाह्न की सराहनीय पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रमोद सावंत, अपने पूर्ववर्ती और आदर्श कर्मयोगी स्वर्गीय श्री मनोहर पर्रिकर की समृद्ध विरासत को सच्चे अर्थों में आगे बढ़ा रहे हैं। आज, गोवा जब अपनी आजादी के 60वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है तो यह देखकर गर्व होता है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में यह राज्य पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि, कठिन प्रयासों के बल पर प्राप्त हुई है और इसमें वर्तमान एवं पूर्ववर्ती सरकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## नौकरी में महिला आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## कहा- सभी के लिए है सामान्य श्रेणी इसमें मेरिट ही आधार

**सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के आरक्षण पर एक बड़ा फैसला दिया है। सर्वोच्च अदालत ने अहम व्यवस्था देते हुए कहा है कि अगर कोई आरक्षित वर्ग की महिला सामान्य वर्ग के लिए तय कटआफ अंक से ज्यादा लाती है तो उसे सामान्य वर्ग में जाने का हक है।**



**माला दीक्षित, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के आरक्षण पर अहम व्यवस्था देते हुए कहा है कि अगर कोई आरक्षित वर्ग की महिला सामान्य वर्ग के लिए तय कटआफ अंक से ज्यादा लाती है तो उसे सामान्य वर्ग में जाने का हक है। यानी वह महिला उम्मीदवार सामान्य वर्ग में गिनी जाएगी उसे आरक्षित वर्ग में नहीं गिना जाएगा। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा कि ओपन (सामान्य) कैटेगरी सभी के लिए है उसमें आरक्षित वर्ग के लोग भी आते हैं और ओपेन कैटेगरी में सिर्फ मेरिट ही आधार होता है।

शीर्ष अदालत ने महिलाओं के मामले में वर्टिकल यानी सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण और हारिजेंटल यानी महिला, भूतपूर्व सैनिक आदि को दिए जाने वाले विशेष आरक्षण के फंसे पेच को सुलझाते हुए यह व्यवस्था दी है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती में सामान्य वर्ग की कटआफ से ज्यादा अंक लाने वाली अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आरक्षित वर्ग की महिला उम्मीदवार को नौकरी पर रखने का आदेश दिया है।

मालूम हो कि पुरुषों के मामले में पहले से ही व्यवस्था है कि अगर आरक्षित वर्ग का पुरुष उम्मीदवार सामान्य वर्ग की तय कटआफ और मेरिट में ज्यादा अंक लाता है तो उसे सामान्य वर्ग का माना जाता है, लेकिन महिलाओं के बारे में अभी तक इस तरह की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। महिलाओं के मामले में वर्टिकल और हारिजेंटल आरक्षण का मामला फंसता था। यह व्यवस्था जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस एस. रविंद्र भट और जस्टिस ऋषिकेश राय की पीठ ने उत्तर प्रदेश में 2013 की सिपाही भर्ती मामले में फैसला सुनाते हुए शुक्रवार को दी। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी श्रेणी की उम्मीदवार सोनम तोमर की अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि ओबीसी की महिला श्रेणी की सभी उम्मीदवार जिन्होंने ओपन (सामान्य) कैटेगरी की कटऑफ 274.8928 से ज्यादा अंक अर्जित किए हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही की नौकरी दी जाए। चार हफ्ते में उन्हें उचित पत्र इस संबंध में भेज दिए जाएं। वे लोग उसके बाद दो सप्ताह में नौकरी के प्रस्ताव पर अपना जवाब दे देंगी। जवाब आने के बाद अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएं और नियुक्ति पत्र जारी किए जाएं।

इस फैसले में कोर्ट ने विशेष ध्यान रखते हुए कहा है कि वैसे तो जिनके अंक कम थे और नियुक्त कर दिए गए हैं उन्हें हटा दिया जाना चाहिए, लेकिन इस मामले में वे लोग ट्रेनिंग पर भेजे जा चुके हैं और अभी पद बचे हुए हैं इसलिए उन्हें डिस्टर्ब नहीं किया जाए। इस मामले में ओबीसी श्रेणी की सोनम की वकील विभा दत्त मखीजा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी मुवक्किल ने सामान्य वर्ग की अंतिम चयनित उम्मीदवार से ज्यादा अंक अर्जित किए हैं, लेकिन उसे नौकरी नहीं दी गई।

राज्य सरकार का कहना है कि महिलाओं का कोटा सामान्य वर्ग से ही भर गया है इसलिए इन्हें नियुक्ति नहीं दी जा सकती। मखीजा का कहना था कि जब आरक्षित श्रेणी के पुरुषों को समान्य श्रेणी की मेरिट में स्थान पाने पर समान्य वर्ग में गिना जाता है तो महिलाओं के साथ भी यही होना चाहिए।

## बफीर्ली हवाओं के कारण उत्तर भारत को नहीं मिलेगी कड़ाके की ठंड से निजात



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** हिमालयी क्षेत्र से चलने वाली बर्फीली हवाओं के कारण उत्तर भारत को कड़ाके की सर्दी से निजात नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत में रात का तापमान सामान्य से कम बना रहने की वजह से अगले हफ्ते भी ठिठुराने वाली ठंड जारी रहेगी। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और श्रीनगर में शनिवार को इस सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार और मंगलवार को कश्मीर के दूरदराज इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। यही नहीं अगले 24 दिसंबर तक उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-6 डिग्री सेल्सियस नीचे रह सकता है। इससे शीतलहर के साथ ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम का पूवार्नुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर के मुताबिक, 21 दिसंबर तक उत्तर भारत में सर्द हवाएं चलेंगी। दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि श्रीनगर में पारा लगातार शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में भी राजधानी दिल्ली में ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी हिमालयी से चलने वाली बफीर्ली हवाओं के कारण दिल्ली एनसीआर में शीत लहर का प्रकोप है। हिमाचल प्रदेश के केलांग में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। केलांग में तापमान गिरकर शून्य से नीचे -12.1 डिग्री सेल्सियस पर चला गया। वहीं पंजाब और हरियाणा में भी शीतलहर तेज हुई है। आदमपुर में पारा शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जो दोनों राज्यों में सबसे कम है। राजस्थान के अधिकांश इलाकों में भी कड़ाके की सर्दी जारी है। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री नीचे जबकि चुरू में शून्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बल्तिस्तान, मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश में भी शीत लहर के चलते कड़ाके की सर्दी जारी है। जम्मू-कश्मीर में सोमवार से चिल्लई-कलां शुरू हो रहा है जो 40 दिन तक चलेगा। इस दौरान भारी बर्फबारी की आशंकाएं होती है। पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्र, मेघालय और त्रिपुरा में कई जगहों पर घने कोहरे के चलते भी आम आदमी की समस्याएं बढ़ गई है।

## महत्वपूर्ण फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने बिजली कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष होने का रास्ता खोला

**जबलपुर, राज्य ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी। इसके साथ प्रदेश के बिजली कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 62 वर्ष होने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर व जस्टिस संजय खन्ना की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान बिजली कर्मियों की ओर से अधिवक्ता फारूख रसीद, हर्ष पाठक, सविता महाजन, अरविंद चोपड़ा, मोहित चौबे, सिद्धार्थ शुक्ला, केबी उपाध्याय व एसआर सेठिया ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का आदेश विधिसम्मत था। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है। कंपनी की विशेष अनुमति याचिका सारहीन होने के कारण खारिज की जाती है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश हेमंत गुप्ता व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने 13 जुलाई, 2017 को बिजली कर्मियों के हक में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया था। इसके जरिये सेवानिवृत्ति आयु 58 से 60 वर्ष करने के विकल्प पत्र भरने की स्वतंत्रता दी थी। कोर्ट ने साफ किया था कि बिजली कर्मी 58 वर्षष की आयु पूर्ण करने से पूर्व कभी भी विकल्प पत्र दे सकता है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने हाई कोर्ट में रिट अपील दायर की थी। इसके खारिज होने के बाद कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट की राह पकड़ ली।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### बम व जहरीली शराब के साथ दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना सरायइनायत की पुलिस ने क्षेत्र से दो लोगो को हिरासत में लिया जिसमे एक तो नाजायज बम ले जाते हुए दूसरा जहरीली कच्ची शराब बनाने/ परिवहन करने के अपराध से जुड़ा है। डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसपी गंगापार धवल जायसवाल व सीओ फुलपुर के निर्देशन में प्र.नि.संजय द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस को दो अपराधियो को पकड़ने में सफलता मिली ।शुक्रवार शाम दरोगा भीष्म नारायण सिंह अन्य पुलिस के साथ वांछित अपराधियो की तलाश में हसनपुर पानीटंकी के पास मौजूद थे संदेह बस लवकुश पुत्र लल्लू गौड़ नि०लालगांव रीवा को रोका जब तलासी ली तो युवक के कब्जे से चार देशी जिन्दा बम बरामद हुआ ।इसीक्रम में कल शाम उ०नि० कौशलेन्द्र धर दुबे मय हमराह पुलिस फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे तभी मजार के पास से करीब 50 कदम कहरा रोड से 10 ली.अवैध देशी शराब के साथ धेमेन्द्र पुत्र लालता नि०मंदौर उतरांव को पकड़ा। वहीँ दोनों के खिलाफ आज सम्बन्धित विधिक कार्यवाही की गयी।

### पत्रकार के निधन पर शोक

**नैनी।** क्षेत्र के पी.डी.ए. कॉलोनी निवासी पत्रकार राजीव वर्मा के बड़े भाई एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश वर्मा (55) का शुक्रवार शाम को निधन हो गया। जिससे स्थानीय पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। शनिवार को नैनी के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप एक शोक सभा का आयोजन कोविड 19 को देखते हुए समाजिक दूरी का पालन करते हुए मौजूद पत्रकारों ने मृत आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, नरेन्द्र श्रीवास्तव, शिव मूरत केशरवानी, सुनील गिरि, श्याम वर्मा, राजीव जायसवाल, गौरव केशरवानी, सुनील केशरवानी, अखिलेश शुक्ल, अजय सिंह, राहुल जायसवाल समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।
इसी तरह करछना से स्थानीय पत्रकारो की बैठक हुई जिसमे उनकी आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुखः व्यक्त किया। पत्रकारो ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शाति हेतु प्रार्थना की ।बैठक मे इन्द्र प्रताप सिह संतोष यादव,मुदित सिह,योगेश विहारी सिह आजाद सिह समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

## विवाद के चलते महिला की हत्या, चार नामजद

**करछना।** थाना क्षेत्र के सेमरी बनपुरवा गांव मे तीन भाइयो व उनकी पत्नियो के बीच चला आ रहा घरेलू विवाद शनिवार को मौत का कारण बन गया जिसमे महिला की जान चली गई। जिसका आरोप मृतका के देवर और देवरानियो पर लगा पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के सोनाई गांव के राम सुमेर पटेल अपनी बेटी मजू की शादी 12 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ही गांव मे बनपुरवा निवासी जयप्रकाश पटेल के साथ किया था शादी के कुछ वर्ष तक सब ठीक ठाक चल रहा था उसके बाद मृतका के ससुराल वालो द्वारा दहेज को लेकर कईबार प्रताड़ित किया गया था और एकबार बिजली का करंट देकर उसे मारने का प्रयास भी किया गया था जिसपर मायको वालो व ससुराल वालो के बीच सुलह समझौता होने के बाद भी मृतका के देवर और देवरानी मिलकर घरेलू कलह के चलते उसे प्रताडित किया करते थे। शनिवार को दोपहर 1 बजे मृतका



महिला की हत्या की जांच पड़ताल करती पुलिस

का पति बाहर गया था और घर पर मौजूद नही था उसी बीच मृतका मंजू के देवर सत्य प्रकाश पटेल, रामबाबू पटेल पुत्रगण शिवमूरत इनकी पत्निया आशा देवी व संजू देवी मिलकर पहले कमरे मे उसकी पिटाई कर रस्सी से गला घोटकर फांसी पर लटका दिया जिससे उसकी मौत हो गई उसकी मौत के बाद देवर और देवरानी दरवाजा बंद कर फरार हो गये। घटना के बाद मृतका की पुत्री अर्चना ने पुलिस को बताया कि मेरी मम्मी से चाचा चाची से झगडा हो रहा था उसी बीच मेरे चाचा ने मुझे दुकान पर सामान लेने भेज दिया थोडी देर बाद घर पर लौटकर आई तो मेरी मा चारपाई पर मृत पडी थी और चाचा चाची घर से फरार थे। मृतका के पिता की तहरीर पर



रोती बिलखती मृतका की पुत्री व जुटी भीड़

पुलिस ने चारो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर थे।

### घरेलू विवाद बना मौत का कारण

आयेदिन महिलाओ मे घरेलू विवाद होता रहता था शनिवार को भी देवरानी जेठानी के बीच किसी बात को लेकर काफी विवाद हुआ था पति गैर मौजूदगी मे मजू देवी के बच्चों को अर्चना व अंकित को उसके चाचा ने दुकान पर सामान लाने बाहर भेज दिया इस दौरान मायके वालो का आरोप है कि देवर और देवरानी ने मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### दाखिला निरस्त कराने पर अब फीस भी होगी वापस

**प्रयागराज।** कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) समेत कॉलेजों में दाखिला निरस्त कराने पर 100 फीसद फीस वापसी होगी। इसके लिए निश्चित समय सीमा पर लगी पाबंदी भी खत्म कर दी गई है। हालांकि, यह नई व्यवस्था केवल चालू सत्र 2020-21 में ही मान्य होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की तरफ से देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति को पत्र भी भेजा जा चुका है। यूजीसी के सचिव रजनीश जैन की तरफ से अक्टूबर 2018 में आदेश जारी किया गया था। इसके तहत यह कहा गया था कि स्नातक व परास्नातक में प्रवेश लेने के बाद यदि कोई अभ्यर्थी दाखिला लेने के बाद निरस्त कराता है तो उसकी फीस वापस की जाए। इसके लिए अभ्यर्थी को आवेदन करना होता था। इसके अलावा शैक्षिक दस्तावेज के सत्यापन के बाद प्रमाण पत्रों की मूलप्रति भी फौरन वापस करने का आदेश था। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते अब नया आदेश जारी किया गया है। इसके तहत दाखिला निरस्त कराने पर 100 फीसद फीस वापसी होगी। पूर्व में अभ्यर्थी दाखिले की अंतिम तिथि से 15 दिन पूर्व आवेदन करता था तभी 100 फीसद फीस वापसी थी। इसके अलावा 15 दिन से कम पर 90 फीसद, 15 दिन बाद 80 फीसद, 30 दिन बाद 50 फीसद फीस वापसी होगी।

## अज्ञात चोरों ने दो घरों से नगदी समेत लाखों के माल पर किये हाथ साफ

**मऊआइमा।** शीत लहर का प्रकोप बढ़ते ही पुलिस गश्त लगाना बंद कर दी है तो चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बीती रात चोरों ने दो घरों में कूद कर कमरों में प्रवेश कर गए। तथा घरों में रखे बक्सों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस चोरी की घटना से दोनों घरों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी गुलाम साबिर पुत्र गुलाम अहमद और एहसान उल्ला पुत्र नसरुल्लाह शुक्रवार को रात में सपरिवार सो गए। जब शनिवार को सुबह उठे तो घर के कमरों का ताला टूटा था। तथा सन्दूक, बक्सा, अटैची आदि का भी ताला टूटा था और सारा सामान बिखरा हुआ था। देखा तो बक्सों और संदूकों में रखे सोने, चांदी के जेवरातों तथा नगदी एक लाख



चोरी के बाद बिखरा सामान

रुपये सहित गुलाब साबिर के यहां लगभग ढाई लाख रुपये तथा एहसान उल्ला के यहां तकरीबन अस्सी हजार रुपये की चोरी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। गुलाम साबिर और एहसान उल्ला ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। एक रात में दो घरों में भीषण चोरी की घटना से जहां दोनों घरों में कोहराम मचा हुआ है।

### किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** एक सप्ताह पूर्व गांव की एक किशोरी को गांव का ही एक युवक अपहरण कर दिल्ली लेकर भाग गया था। जहां कुछ दिन रहने के बाद जब मऊआइमा आया तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जहां युवक किशोरी के साथ दुराचार करता रहा। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा निवासी एक युवक की नाबालिग बहन को गांव का ही एक युवक एक सप्ताह पूर्व अपहरण कर दिल्ली लेकर भाग गया था। किशोरी के भाई ने मऊआइमा थाने में अरविन्द कुमार पुत्र अशोक कुमार सहित उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था । जब युवक किशोरी को लेकर दिल्ली से गांव आया तो मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर राजेश पांडेय ,आशीष सिंह तथा कांस्टेबल राजेश कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने किशोरी को आशा ज्योति केन्द्र भेज दिया है तथा आरोपी अरविन्द कुमार को धारा 363, 504, 506, 376, 3/4 पास्को एक्ट में शनिवार को जेल भेज दिया।

## गलन से बढ़ गई ठिठुरन बेअसर रही धूप

**जारी।** पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी है लगातार पारा न्यूनतम स्तर पर पहुंच रहा है लोग ठिठुर रहे हैं मगर जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन द्वारा अभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है जरूरतमंद लोगों को सबसे ज्यादा ठंड का सितम झेलना पड़ रहा है शुक्रवार शनिवार को दिन भर धूप खिली रही मगर सर्द हवाओं से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहे या अलाव के पास डटे रहे जारी कस्बे में सार्वजनिक जगहों में अभी तक अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि ठंड लगातार बढ़ रही है बारिश होने के बाद न्यूनतम पारा तेजी से नीचे लुढ़क गया है तो वहीं बाजारों में किसानों व राहगीरों का आना जाना लगा रहता है ग्रामीणों ने बताया कि तहसील प्रशासन की तरफ से सार्वजनिक जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई



है ठंडी हवाओं के आगे धूप बेअसर साबित हुई पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर यहां भी दिखने लगा है ठंडी हवाओं के कारण तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई रात के पारे में 3.6 तो दिन के तापमान में 2.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई रात होते ही लोग रजाई में दुबकने को विवश धूप सेकने वालों को ठंड से नहीं मिली राहत शाम होते ही पसर जाता है सन्नाटा।

## तीन चोर गिरफ्तार, दस हजार रुपया बरामद



पुलिस की गिरफ्त में चोर

**कोरांव।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चोरी लूट हत्या जैसी घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी शनिवार को कोरांव पुलिस ने तीन चोर को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया जिनके पास से दस हजार रुपया भी मिला।

ज्ञातब्य हो कि बीते दिनों में कोरांव इलाके में आधा दर्जन चोरियां हो चुकी है जिसको देखते हुए कोरांव थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाकर तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से अजमत अली पुत्र अलियार अली व साजुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन निवासी नगर पंचायत कोरांव के है। जिनके पास से 10300 रुपये नकद, हथौड़ी, लोहे राड, मोमबत्ती, माचिस भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार टीम में कस्बा इंचार्ज अभिषेक तिवारी, सिध्देश्वर पांडेय, सत्येंद्र यादव व मोहन कुमार सामिल है।

## ठंड के मद्देनजर नगर पंचायत ने बनवाया अस्थायी रैनबसेरा



**शंकरगढ़।** भीषण ठंड के मद्देनजर नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे के डूडा कालोनी में अस्थायी रैनबसेरा का निर्माण करवाया है, इसके अलावा नगर पंचायत के सार्वजनिक क्षेत्रों में अलाव भी जलवाया गया। शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल गंगाप्रसाद, नगर पंचायत मनीष केसरवानी, दीपू शुक्ला आदि ने डूडा कालोनी शंकरगढ़ में अस्थायी रैन बसेरा की व्यवस्था की। बताया कि भीषण ठंड के मद्देनजर यह अस्थायी रैनबसेरा बनवाया गया है, ताकि ठंड के समय लोगों को परेशान न होना पड़े। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का भी इंतजाम किया गया है।

## कई वर्षों से पुल के कारण बाधित सड़क, जि0पं0 सदस्य ने निर्माण करा कर ग्रामीणों को दी राहत



बाधित सड़क पर रास्ता बनाता जेसीबी

**उतरांव।** थाना क्षेत्र के सराय हुसे गांव में लगभग 50 वर्ष से एक चक मार्ग पुलिया के कारण बाधित था। जिस पर किसी भी नेताओं व जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा था। मार्ग बाधित हो जाने से ग्रामीणों को काफी लंबा सफर तय करना पड़ता था। वही सराय हुसे गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जगत पटेल ने शुक्रवार को जेसीबी द्वारा पुलिया का निर्माण कर नए मार्ग का शुभारंभ किया। अब ग्रामीणों व लगभग आधा दर्जन गांव दम गड़ा सीकी खमरिया रेहथू सराय हुसे, छबीलहा आदि गांव में पहुंचने में देरी नहीं लगेगी। ग्रामीणों को लंबा सफर तय करना मुश्किल होता था लेकिन अब इस रोड का संचालन हो जाने से लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव के लोगो को राहत मिली। वही सपा नेता जगत पटेल के इस कार्यों की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की ।ग्रामीणों ने इस सराहनीय कार्य को सराहा ते हुए कहा कि क्षेत्र में ऐसे जांबाज नेता की जरूरत है जिससे विकास हो सके।

## युवाओं व ग्रामीणों को नशा ना करने के प्रति किया जागरूक

**सहसों।** किसी भी देश का भविष्य और देश की तरक्की देश के युवाओं पर टिकी होती है। देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चल जाए तो निश्चित तौर पर उसका जीवन अंधकार में चला जाता है द्य देश के युवा वर्ग का जिंदगी के हर पहलू को जीने की इच्छा होती है द्यइसी परिप्रेक्ष में नशा उन्मूलन के तहत शुक्रवार को युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चलाया जा रहा है युवा जागो नशा त्यागो संकल्प अभियान चलाया गया। युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते हैंए युवा वर्ग शराब, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू, बीड़ी व कई अन्य नशा करते हैं। उनकी जश्न की पार्टी नशे के बगैर अधूरी होती है द्य उन्हें यह समझ नहीं आता कि यह उनके लिए आगे चलकर हानिकारक और जानलेवा साबित हो सकती है नशे से मानसिक सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर बुरा असर पड़ता है द्य कुछ लोग नशा करके घर आकर अपनी पत्नी से मारपीट करते हैंए यह घिनौना अपराध है द्य नशा करके गाड़ी चलाने से दुर्घटना हो सकती है द्य कम उम्र में नशा करने से आगे चलकर जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है द्य निम्न स्तर के लोग अक्सर दैनिक काम के पैसे नशा करने में लगा देते हैं द्य अगर वह पैसे अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें तो उनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। उक्त बातें युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे युवा जागो नशा त्यागो संकल्प अभियान जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सभा सिंगरामऊ में ग्रामीणों व युवाओं के बीच में कही।

### युवती से छेड़खानी करना मनचले को पड़ा महंगा पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव मे गांव के बाहर जा रही एक युवती से अश्लील टिप्पणी कर छेड़खानी करना एक मनचले को महंगा पड़ गया । गांव पहुंची युवती कई महिलाओं के साथ एक युवक को पकड़कर पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है । क्षेत्र के एक गांव के बाहर एक युवती टहल रही थी ।युवती को अकेली देख गांव के कुछ मनचलों ने युवती से अश्लील टिप्पणी करते हुए छीटाकशी कर छेड़खानी करने लगे ।मनचलों की अश्लील टिप्पणी व छेड़खानी करने के बाद युवती गांव पहुंची और कई महिलाओं को लेकर मौके पर पहुंची तो कई मनचले भाग निकले और एक मनचला महिलाओं की गिरफ्त में आ गया ।महिलाओं ने मेहमान नवाजी करने के बाद यूपी 112 डॉयल पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए मनचले को घूरपुर थाने ले गई । पुलिस पीड़िता और पकड़े गए आरोपी से अन्य आरोपियों के बारे में तहकीकात कर रही है ।

## श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना मुख्य लक्ष्य : कल्याण आयुक्त




श्रमिकों को जागरूक करते कल्याण आयुक्त



उपस्थित श्रमिक

**प्रयागरज।** श्रम कल्याण संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार इलाहाबाद परिक्षेत्र एवं बी० ओ० सी ० वर्कर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा असगठीत कामगारों व बीड़ी श्रमिको के मध्य pm-sym के प्रति जागरूकता कार्यक्रम व निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन ग्राम भदारी सराय ममरेज प्रतापपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप चन्द्र देव, कल्याण आयुक्त श्रम एवम् रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य कामगारों तक योजना पहुंचाना है जिसके लिए प्रचार प्रसार अति आवश्यक है प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना में शामिल होकर पेंशन योजना का लाभ उठा सकते हैं कामगार, हर कामगारों तक भारत सरकार की योजना का लाभ मिले यही श्रम मंत्रालय का उद्देश्य है, विशिष्ट अतिथि BOC बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य राजनाथ सिंह ने कहा कि बोर्ड भी निर्माण मजदूरों के लिए लिए 15 प्रकार की कल्याणकारी योजना चला रहा है मजदूर साथी इन योजनाओं का लाभ उठाए । कार्यक्रम का संचालन करते हुए BOC फेडरेशन के महासचिव एवं प्रधान मंत्री श्रम योगी मान धन योजना भारत सरकार प्रयागराज के सदस्य नाजिम अंसारी ने कहा कि मजदूर जागरूक हो और दूसरो को भी जागरूक करे यही समय की मांग है ।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### स्त्रियों को कमजोर कहना गलत : प्रतिमा

**करमा** । 21वीं सदी कें इस महान युग में जब नारी सभी क्षेत्रों यथा शिक्षा, राजनीति, सेवा इत्यादि क्षेत्रों में पुरूषों को पीछे करके अपने शक्ति एवम दृढ़ विश्वास को दुनियाँ कें सामने रख रहीं हैं ऐसी दशा में नारी समाज को कमजोर आंकना मूर्खता हैं उक्त बातें बारा तहसील कें जारी हल्के में तैनात राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी नें आज मिशन शक्ति कें तहत बेटियों को जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहीं थी आगे उन्होने यह भी कहा कि वर्तमान समय मे कोरोना संक्रमण की वजह से निःसन्देह पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था पर असर पड़ा हैं किन्तु विभिन्न माध्यमों से शिक्षा संचालित हैं वर्तमान समय शिक्षा कों सुचारू रूप से संचालित करनें मे आनलाइन शिक्षा भी एक मजबूत विकल्प कें रूप उभरी हैं जिसका व्यापक पैमाने पर सदुपयोग भी हों रहा हैं इसके साथ ही श्रीमती द्विवेदी नें यह भी विद्यार्थियों से आग्रह करतें हुए बतौर मुख्य वक्ता कें रूप सुझाव दी कि आनलाइन शिक्षा कें विभिन्न माध्यमों यथा लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल फोन का उपयोग बहुत ही सीमित किया जाएं क्योंकि उक्त सामग्रियों कें अत्यधिक प्रयोग से विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की बीमारियों सहित मानसिक अवसाद कें शिकार हों रहें हैं ।

## एसपी गंगापार ने किया पुलिस परीक्षा केंद्र का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश




परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते एसपी गंगापार

**नवाबगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा जेल वार्डर, कांस्टेबल घुड़सवार, पुलिस एवं फायरमैन के पदों पर चयन के लिए प्रथम पाली की लिखित परीक्षा शनिवार सम्पन्न हुई। नवाबगंज थाना क्षेत्र के टिकरी स्थित सत्यम शिवम शुभम महाविद्यालय में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस बीच एसपी गंगापार आई पी एस धवल जायसवाल ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखकर एसपी गंगापार धवल जायसवाल ने इंस्पेक्टर नवाबगंज सुरेश सिंह समेत सभी एसआई और पुलिसकर्मियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रविवार को भी परीक्षा होनी है परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी बगैर मास्क पहने दिखाई नहीं देना चाहिए। अलग-अलग जिले से परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों को किसी भी स्थित से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध पर भी चर्चा की इसके बाद एस पी ने थरवई थाना क्षेत्र में भी परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

### विपक्ष पर ठीकरा फोड़ने के बजाए नेक दिल से किसानो की सोचें प्रधानमंत्री मोदी : योगेश

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा मोदी सरकार को विपक्ष पर ठीकरा फोड़ने के बजाए नेक दिल से किसानो की जायज मांगो को मानना चाहिये।तीनो कृषि बिल वापस लेने की मांग दोहराते हुए कहा की समाजवादी पार्टी अन्नदेवता के साथ हर कदम पर साथ है।गंगापार क्षेत्र के हण्डिया सहित अन्य क्षेत्रों मे ग्रामीणों व किसानो के बीच जन चेतना क्रान्ति का बिगुल फूंकते हुए जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा की दिल्ली के सिंघु बार्डर पर केन्द्र सरकार द्वारा काले कृषि कानून के विरोध मे धर्नारत किसानो के समर्थन मे हम सब किसान चेतना रैली के माध्यम से काले कानून से अवगत करा रहे हैं।कहा समाजवादी नेताओं को फर्जी मुकदमे मे फंसा कर उनका मनोबल तोड़ने का ताना बाना बुना जा रहा है जो सफल नहीं हो पाएगा।गापार और जमुनापार के किसानो के समर्थन में सपा के जनचेतना के माध्यम से हो रहे कार्यक्रम पर जिलाध्यक्ष योगेश यादव बराबर निगाह बनाए हुए हैं।महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन ने शहर पश्चिमी के गाँव मे किसानो संग बैठक कर अन्नदाताओं को भरोसा दिलाया की समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव किसानो का दर्द समझते हैं भाजपा किसान विरोधी होने के साथ पूंजीपतियों और कारपोरेट घरानो को फायदा पहौंचाने की खातिर ही कृषि बिल लाई है।तीनो काले कानून के खिलाफ हमारा आन्दोलन जारी है और जारी रहेगा। मेजा में वरिष्ठ सपा नेता नरेन्द्र सिंह द्वारा लगातार प्रतिदिन गाँव कस्बों और बाजारों में किसान यात्रा के माध्यम से काले कृषि कानून से किसानो पर पड़ने वाली चौतरफा मार से अवगत कराते हुए केन्द्र सरकार से हठधर्मी छोड़ कर तीनो काले कानून वापिस लेने किसानों को अडानी और अम्बानी से बचाने की जोरदार ढ़ंग से मांग की गई। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मो०शारिक ने नैनी, झूंसी, पीपल गाँव, मेजा करछना, सोरांव, हण्डिया, फूलपूर, फाफामऊ, नवाबगंज, प्रतापपुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के जनजागरुक्ता को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के साथ कृषि बिल के विरोध में कहीं साईकिल तो कहीं मोटरसाईकिल रैली निकाल कर किसान आन्दोलन को और धार देने को जागरुक्ता रैली व क्रान्ति का बिगुल फूंका।समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथनी और करनी से किसानो को अवगत कराते हुए कहा की झूठ का लबादा ओढ़ कर देश के मुखिया किसानो को विपक्ष को ही किसानो का दुशमन बता रहे हैं जबकि हकीकत मे मोदी और योगी मंत्रिमण्डल के लोग किसानो मे भ्रम फहला रहे हैं। कृषि बिल का विरोध करने वालों में योगेश चन्द्र यादव, सै०इफ्तेखार हुसैन, रविन्द्र यादव रवि, नरेन्द्र सिंह, कृष्णमूर्ति सिंह, कमला यादव, न्जू यादव, निशा शुक्ला, महावीर यादव, विक्रम पटेल, मो०गौस, मो०शारिक, सै०मो०अस्करी, दीलीप यादव, अभिमन्यू पटेल, जी एस यादव, सन्तोष यादव, नाटे चौधरी, जयभारत यादव, लक्ष्मन यादव, ओ पी यादव, आकिब जावेद, टीपू सुलतान, मंसूरी, श्यामू यादव, राजेश यादव, ब्रिजेश केसरवानी आदि शामिल रहे।

## अर्चना दुबे को मिला विश्व संवाद परिषद के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व



**प्रयागराज।** विश्व संवाद परिषद ने योग,प्राकृतिक चिकित्सा,एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में विगत ढाई दशक से सक्रिय प्रोफेसर डॉ अर्चना दुबे की सक्रियता व कार्य को देखते हुए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।विश्व संवाद परिषद के अंतरराष्ट्रीय शांतिदूत श्री श्याम पचौरी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है की वे योग, प्राकृतिक एवं अन्य चिकित्सीय सेवाएं ,परामर्श ,प्रशिक्षण के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्य में अपना श्रेष्ठतम योगदान देते रहेंगे। प्रोफेसर डॉ अर्चना दुबे ने आश्वस्त किया है कि वे उत्तर प्रदेश में संयोजकों और जिला कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति कर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा व एक्यूप्रेशर को जन जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और यही भारत सरकार का लक्ष्य भी है कि योग प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से सभी लोग स्वास्थ लाभ लेते हुए निरोग जीवन जी सकें। प्रोफेसर डॉ अर्चना दुबे की नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य डॉ रमेश चन्द्रा, राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ नवीन सिंह, प्रोफेसर डॉ सिया प्रताप सिंह, एक्यूप्रेशर संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ जेपी अग्रवाल, इंजीनियर जयपाल जी, प्रोफेसर ए.के. शुक्ला, डॉक्टर कृतिका अग्रवाल, डॉक्टर अनिल वसीरेड्डी, डॉक्टर अंतिम जैन , डॉक्टर प्रोफेसर सरस्वती काला, डॉक्टर पूजा कसेरा, डॉ शहरोज रिजवी, सिद्धार्थ चौधरी, प्रसून पांडेय, नमिता प्रजापति, उर्वशी उपाध्याय एवं सभी साथियों ने प्रसन्नता व्यक्ति की है।

## प्रयागराज मंडल के औंग-बिंदकी रोड खंड में स्वचालित सिग्नलिंग स्थापित

**नई दिल्ली-हावड़ा ट्रंक मार्ग पर निर्बाध स्वचालित सिग्नलिंग की ओर बढ़ रही उत्तर मध्य रेलवे**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे नई दिल्ली-हावड़ा ट्रंक मार्ग के प्रयागराज मंडल पर पड़ने वाले सबसे व्यस्त 751 किलोमीटर के हिस्से पर ट्रेन संचालन और अनुरक्षण करता है। देश के उत्तर से पूर्वी हिस्से की ट्रेनों के संचालन के लिए इस मार्ग पर गतिशीलता बहुत महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण खंड में ट्रेन हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए, कई महत्वपूर्ण कार्य जैसे कि तिहरीकरण, चौहरीकरण, फ्लाई ओवर, यार्ड रीमॉडेलिंग, स्वचालित सिग्नलिंग आदि किए जा रहे हैं, और कानपुर- गाजियाबाद और बम्हरौली-पं दीन दयाल उपाध्याय जं खंड पहले से ही स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली से लैस हैं । गाजियाबाद से पं दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के मध्य पूर्ण रूप से स्वचालित सिग्नलिंग स्थापित करने के लिए वर्तमान में कानपुर-फतेहपुर खंड में स्वचालित सिग्नलिंग स्थापना का काम चल रहा है।

इस कड़ी में, प्रयागराज मंडल और उत्तर मध्य रेलवे परियोजना इकाई के संयुक्त प्रयासों से 5.8 किलोमीटर के औंग-बिंदकी रोड खंड पर स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली स्थापना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में कानपुर-फतेहपुर सेक्शन में यह चौथा खंड है, जिसमें स्वचालित सिग्नलिंग का कार्य पूरा कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/ प्रोजेक्ट / उत्तर मध्य रेलवे श्री भोलेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, प्रयागराज,





स्वचालित सिग्नलिंग सिस्टम


वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-क्क प्रयागराज, प्रयागराज एवं कानपुर के वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियरों के मार्गदर्शन में संयुक्त मल्टी- स्किल्ड टीम द्वारा निष्पादित किया गया है। बिंदकी रोड-कंसपुर गुगौली सेक्शन में भी स्वचालित सिग्नलिंग कार्य को दिसंबर -2020 में ही पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और कानपुर से फतेहपुर तक का पूरा सेक्शन मार्च 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा । यह कार्य इस खंड की ट्रेन हैंडलिंग क्षमता में काफी वृद्धि करेगा।

## शुआट्स में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन : कोनिएप्स-26 का उद्घाटन

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज के मॉलीक्यूलर एण्ड सेल्युलर इंजीनियरिंग विभाग, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और बायोइंजीनियरिंग, में इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज, प्रयागराज, भारत और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम, केरल, भारत के सहयोग से जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कोनिएप्स-26 का आयोजन शुरू हुआ।

आयोजक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कपिल लॉरेंस ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिसके बाद इंजी. सी. जे. वेस्ली, संयुक्त रजिस्ट्रार, ने विश्वविद्यालय के परिचय के साथ-साथ उसके अकादमिक और शोध क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन की शुरूआत आयोजन सचिव डॉ विजय त्रिपाठी ने की, जिसके बाद संयोजक प्रो. जोनाथन ए. लाल, डीन, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड बायोइंजीनियरिंग, षुआट्स, ने रीसेंट एडवांसेज इन बायोटेक्नोलॉजी, बायोइ फोर्मैटिक्स, एण्ड बायोकेमिस्ट्री पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के महत्व पर जोर दिया। प्रो. लाल ने इसे एक अद्भुत सम्मेलन बताया। जैव प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों को जानने में और वर्तमान




महामारी की दुनिया में गोश्ठी की उपयोगिता पर प्रकाष डाला।

सम्मेलन के पहले सत्र की अध्यक्षता प्रो एम पी सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, ने किया जिसमें वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के चार व्याख्यान शामिल थे। पहला व्याख्यान डॉ डेनिस होर्गन, कार्यकारी निदेशक, यूरोपीय एलायंस फॉर पर्सनलाइज्ड मेडिसिन (ईएपीएम) और सह-प्रधान संपादक, सार्वजनिक स्वास्थ्य जीनोमिक्स, बेल्जियम द्वारा दिया गया था। दूसरा व्याख्यान संस्थान, मृदा, जल और पर्यावरण विज्ञान, कृषि अनुसंधान संगठन, इजराइल के डॉ एडी सिट्रिन द्वारा दिया गया था। इसके बाद, व्याख्यान, प्रो. प्रत्यूष शुक्ला, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिया गया। सत्र का आखिरी व्याख्यान डॉ. धीरज सिन्हा, मेडिटेरेन इंफेक्षन मार्सिल, फ्रांस ने दिया।

दूसरे दिन सत्र की अध्यक्षता कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी एंड बायोइनफॉरमैटिक्स विभाग के प्रमुख प्रो. राजीव कांत, ने किया जिसमें प्रो. सैयद ए. रिजवी, अध्यक्ष, व्यावसायिक अध्ययन संस्थान के एवं डीन, आर एंड डी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ। विश्वनाथ तिवारी, जैव रसायन विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान, अजमेर, राजस्थान, डॉ हेम चंद्र झा, बायोसाइंसेज एंड बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर, भारत, प्रो सर्वास मोरे इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ जीनोमिक्स (प्ब्भ्ळ), स्वास्थ्य, चिकित्सा और जीवन विज्ञान संकाय, मास्ट्रिच विश्वविद्यालय, मास्ट्रिच, नीदरलैंड, डॉ अनीता कृष्णन, पूर्व स्टाफ साइंटिस्ट, नेत्र रोग विभाग, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, मैसाचुसेट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका, तथा डॉ. सुशील मिश्रा, फामेर्सी विभाग, मिसिसिपी, संयुक्त राज्य अमेरिका, जैसे प्रख्यात वक्ताओं ने अपना व्याख्यान दिया।

सम्मेलन के व्याख्यानों की सारणी में वर्तमान महामारी की दुनिया में, विषय-वस्तु की रणनीतियों, अनुकूलित रोग-निवारक रणनीतियों, अधिक प्रभावी दवाओं के वितरण, कम समय, लागत, दवा नैदानिक परीक्षणों की विफलता दर, अपशिष्ट जल का सिंचाई में उपयोग कैसे संभव है आदि जैसे ज्वलंत विषयों पर चर्चा हुई। अपशिष्ट जल सिंचाई से एंटीबायोटिक प्रतिरोध के संभावित प्रसार के लिए पारिस्थितिक और महामारी संबंधी अंतर्दृष्टि का सुझाव देते हुए, मौजूदा और भविष्य के जोखिम मूल्यांकन प्रथाओं के शोधन की आवश्यकता पर प्रकाष दिया गया। स्ट्रेप्टोकोकस इंटरड्यूस के पैंगेनोम विश्लेषण और हाई थ्रूपुट जीनोम अनुक्रमण विधि आनुवंशिक परिदृश्य और बैक्टीरिया की विविधता के साथ-साथ उनकी रोगजनक भूमिका को समझने की सक्षमता माइक्रोबियल जैव प्रौद्योगिकी में जैव-कम्प्यूटेशनल और सिस्टम बायोलॉजी दृष्टिकोण के लिए भविष्यवादी विचारधारा पर भी विषेश चर्चा हुई। आमंत्रित व्याख्यान के बाद, सम्मेलन की थीम पर दुनिया भर के शोधकताओं और छात्रों द्वारा मौखिक प्रस्तुति दी गई थी।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी०आर०बी० एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं०: UPHIN2001/9025

### गलन के साथ ठंड बढ़ी तो हाउस फुल हो गए प्रयागराज जंक्शन के बार स्थित रैनबसेरे

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ठंड के साथ गलन बढ़ गई है। ऐसे में शहर में रेलवे स्टेशन के बाहर के रैनबसेरे शुक्रवार देर रात अचानक हाउसफुल हो गए। इसमें ट्रेन से आए मुसाफिरों को ठहराया गया था।ये सभी मुसाफिर शहर से बाहर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले थे। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पुलिस ने इन सभी को यहां रुकने के लिए कहा था।इनके लिए चाय और पानी की व्यवस्था भी की गई। रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने के बाद कई मुसाफिर शीतलहरी की वजह से कांप रहे थे। स्टेशन चौराहे पर मौजूद खुल्दाबाद थाना प्रभारी विनीत सिंह की नजर पड़ी तो उन्होंने सभी को रोक लिया। उनका नाम और पता पूछा। इसके बाद थाना प्रभारी ने सभी से रात में रैनबसेरे में रहने को कहा, जिस पर मुसाफिर उनकी बात मान गए। पार्षद ने नगर आयुक्त से वर्क ऑर्डर जारी करने की मांग की है। अगले हफ्ते से काम शुरू हो जाएगा।

## छात्रवृत्ति की मांग के लिए एनएसयूआई ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** शनिवार को एनएसयूआई प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने छात्रवृत्ति की मांग के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ से छात्रों ने पैदल मार्च करते हुवे जिलाधिकारी कार्यालय पहुँच कर महामहिम राज्यपाल का ज्ञापन द्वारा अपर जिलाधिकारी सौंप कर छात्रवृत्ति की मांग की। छात्रों ने कहा कि विगत सत्र 2019-20 की छात्रवृत्ति व फेलोशिप जो अब तक नहीं मिली है,अधिकतर छात्रों की स्थिति यह है कि वह उसी छात्रवृत्ति के भरोसे आगे की पढ़ाई जारी रखते है। छात्रवृत्ति के न आने से राष्ट्र की रीढ़ छात्रों की प्रतिभा खतरे में है जिससे छात्रों में भारी रोष ब्याप्त है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि छात्र विरोधी सरकार को हम बता देना चाहते है कि अगर छात्रों की छात्रवृत्ति नहीं आती तो छात्र लामबंद होकर आंदोलन




छात्रवृत्ति की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते छात्र

के लिए बाध्य होंगे।

कार्यक्रम में - एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, हरिकेश हैरी, प्रवीण यादव, गौरव विधायक, धीरेन्द्र सिंह, सत्यम कुशवाहा, अभिषेक द्विवेदी, मुरारी यादव, वीरेंद्र, सचिन, मो साबिर, शाश्वत श्रीवास्तव, हरिओम सिंह, दिव्यांश सिंह, जीत, दिग्विजय गोपाल, संजीव, गोविंद, नैनेश, ताजुद्दीन, आयशर आलम इत्यादि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## 'फिट इंडिया' अभियान के तहत उमरे रेलगांव स्टेडियम में फिटनेस कैंप आयोजित




फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस कैंप में शामिल उमरे के अधिकारी व कर्मचारी

**प्रयागराज।** युवा मामलों और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया अभियान के तहत दिसंबर 2020 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस 'फिट इंडिया' अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इसके तहत कई फिटनेस संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना का क्रियांवयन किया जा रहा है।

आज दिनांक 19 दिसंबर 2020 को इस अभियान में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सूबेदारगंज स्थित रेलगांव स्टेडियम में सुबह 10 से 11-00 बजे तक 'फिटनेस का डोज अधा घांटा रोजर कार्यक्रम के तहत एक फिटनेस कैंप आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी अभ्यासों की मदद से फिटनेस को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर श्री रविंद्र वर्मा प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, शरद मेहता प्रमुख मुख्य इंजीनियर (अध्यक्ष एनसीआर एसए), अजय माथुर प्रमुख वित्त सलाहकार अरुण कुमार प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, अंकुर चन्द्रा उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (महासचिव एनसीआरएसए), विजय कुमार उप सचिव, महाप्रबंधक (संयुक्त सचिव एनसीआर एसए) और रेल सुरक्षा बल मुख्यालय के तीस अधिकारियों ने सहभागिता की। तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कोच श्री महेश यादव और कृष्णानंद त्रिपाठी आवश्यक प्रशिक्षण एवं सहायता प्रदान करने के लिए उपस्थित थे।

### अधिवक्ता के बैंक खाते से एक लाख रुपये चोरी

**प्रयागराज।** साइबर ठगों ने एक अधिवक्ता को कॉल करके उनके बैंक खाते से लगभग एक लाख रुपये उड़ा दिए। ठगी के शिकार हुए अधिवक्ता ने कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दारागंज निवासी अधिवक्ता रामाज्ञा सिंह ने पुलिस को बताया कि 9 दिसंबर को बैंक से पैसा निकाल कर वह घर जा रहे थे। इस बीच उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल कर-के बताया कि वह शाखा प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव बोल रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा और विजया बैंक एक होने के कारण एटीएम कार्ड और चेक बुक बदलनी है। साइबर ठगों ने अधिवक्ता के बारे में काफी जानकारी पहले से एकत्र कर रखी थी। उसने उनके एटीएम कार्ड का नंबर भी बताया और कहा कि उनके मोबाइल पर सत्यापन के लिए ओटीपी भेजा गया है। नबर बताने पर आगे की जानकारी दी जाएगी। अधिवक्ता ने ओटीपी बता दिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से दो बार में 49,999 रुपये और 49,998 रुपये ऑनलाइन निकाल लिए। बैंक जाने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई। बाद में उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज रविवार, 20 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### अपना दल बलिहारी पार्टी के संस्थापक की मनाई गयी पुण्य तिथि

**प्रतापगढ़।** अपना दल बलिहारी पार्टी के तत्वाधान में चैधरी इंजीनियर बलिहारी पटेल की पुण्यतिथि वीरपुर भरपुरवा चैराहा छपिया में मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुशासन समिति के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्र प्रताप पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुरु शरण जी उपस्थित थे वक्ताओं ने इंजीनियर बलिहारी पटेल के विचारों पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि आदरणीय चंद्र प्रताप पटेल जी ने कहा कि इंजीनियर बलिहारी साहब पूरे जीवन शोषित वंचित व पिछड़े वर्ग के लिए लड़ाई लड़ते रहे इन्होंने अपना दल की स्थापना की, कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता कुलभूषण शुक्ल एडवोकेट, अरुण कुमार, कनिक राम पटेल, अनिल पटेल, रामदेव, संजय ,शिवपूजन पटेल, संजय गुप्ता, मुन्ना, सत्य प्रकाश पटेल, प्रिंस, संतोष, विजय यादव, रामजस , प्रेमनाथ पटेल,गोविंद आदि सैकड़ों साथी उपस्थित थे।

### मोबाइल फोन की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**प्रतापगढ़।** मोबाइल फोन की दुकान का ताला तोड़कर चोर लाखों का सामान समेट ले गए। थाने में घटना की तहरीर दी गई है।महेशगंज थाना क्षेत्र के लोचनगढ़ निवासी महेश कुमार कोरी की बाघराय थाना क्षेत्र के गलगली तिराहे पर किराए के कमरे में मोबाइल फोन की दुकान है। गुरुवार रात वह दुकान बंदकर घर चला गया। रात में चोर दुकान के शटर का ताला तोड़ अंदर घुस गए। दुकान में रखे 25 नए मोबाइल फोन, लैपटॉप, चार्जर, बैटरी आदि चुरा ले गए। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने महेश को इसकी सूचना दी। वह दुकान पहुंचा तो हालत देखकर सन्न रह गया। उसने बताया कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर दस साइकिल चोरी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्यालय का ताला तोड़कर दस साइकिल चोरों ने उड़ा दी। लालगंज कोतवाली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अगई प्रथम मे बालिकाओ को वितरित करने के लिए दस साइकिल मंगाई गयी थी। गुरूवार की रात अज्ञात चोर पहुंचे और स्कूल का ताला तोडकर कमरे मे रखी साइकिल ले उडे। सुबह घटना की जानकारी हुई तो हडकंप मच गया। प्रधानाध्यापक राज नारायण ओझा ने लालगंज कोतवाली मे अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है।

# पीएम आवास में डूडा की वसूली से लाभार्थी हो रहे परेशान

**विभागीय अधिकारियों की तानाशाही के चलते सरकार की धूमिल हो रही है छवि**

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास दिए जाने की योजना जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा के विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लूट का अड्डा बन गया है और जिसने विभागीय अधिकारी के लूट में शामिल होना स्वीकार कर लिया उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल गया और जिस व्यक्ति ने डूडा की वसूली का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया उसे अपात्र घोषित कर आवास योजना से वंचित किया जा रहा है मोदी सरकार की योजना में विभागीय अधिकारियों की इस तानाशाही के चलते मोदी सरकार की छवि धूमिल हो रही है डूडा अधिकारी की जांच के बाद उनके कारनामों की तमाम शिकायतें हुई लेकिन डूडा अधिकारी के रवैया में सुधार नहीं हो सका है जिलाधिकारी की मीटिंग में भी डूडा अधिकारी सोते पाए गए थे उस पर भी डूडा अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हो सकी पूरे दिन पान खाकर कुप्पा जैसे मुंह फुलाए डूडा अधिकारी पर कारवाही होती नहीं दिख रही है जबकि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कार्यालय में पान गुटखा खाना अपराध होगा लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह निर्देश भी डूडा अधिकारी पर लागू नहीं हो सका है आखिर डूडा अधिकारी कितने शक्तिशाली हो गए हैं कि तमाम भ्रष्टाचार और तमाम गलत कार्यों के बाद भी उनका बाल बांका शासन प्रशासन नहीं कर सका है।

डूडा अधिकारी पर वसूली का आरोप कलेक्ट्रेट की मीटिंग में विधायक ने भी लगाया था जिस पर डूडा अधिकारी आपा से बाहर हो गए अवैध वसूली की बात सार्वजनिक होने से बौखलाए डूडा अधिकारी ने मीटिंग में विधायक से भी अभद्रता करने का प्रयास किया डूडा में आवास योजना में हो रही अवैध वसूली के मामले में डूडा के कुछ कर्मचारियों की भी भूमिका सवालों के घेरे में है अवैध वसूली के चलते ही कई बारडूडा के सर्वेयर का लाभार्थियों से विवाद भी हो चुका है इस विभाग की स्थिति इतनी खराब हो गई थी थी कि लाभार्थी और डूडा कर्मचारियों का का मामला पुलिस थाने में पहुंचा था।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगरी क्षेत्र में तमाम ऐसे अपात्र लोगों को विभागीय अधिकारियों ने आवास योजना का लाभ दे दिया है जो अपात्र हैं लेकिन तमाम ऐसे पात्र लोगों को आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है जो वास्तव में गरीब हैं यह कह लिया जाए कि प्रधानमंत्री आवास योजना डूडा अधिकारी के वसूली की पात्रता पर लाभार्थी के अपात्रता और पात्रता का चयन हो रहा है।

## भाजपा सरकार पर बिफरे बसपाई

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी कार्यालय ओसा मे शनिवार को मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि एमएलसी भीमराव अम्बेडकर उपस्थित रहे। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पंचायत चुनाव व आने वाले बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन की तैयारी पर चर्चा किया गया।साथ ही वर्तमान सरकार की गलत कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया गया,जिसमें किसानों की समस्या युवाओं की बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पुलिस की गलत कार्यशैली, महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार, हत्याओं,सरकारी कर्मचारियों की मनमानी, पूरे प्रदेश में मची आर्थिक मंदी,आदि पर सवालिया निशान खड़ा किया गया।कार्यक्रम में अशोक गौतम, दीपचंद्र गौतम, अमरेंद्र भारती, चन्द्रबली चौधरी, महेन्द्र गौतम, आमिर काजी, संतोष गौतम, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम, पूर्व विधायक दयाराम पासी, हरीलाल बौद्ध, मैदान सिंह पटेल, महताब आलम, शंकरदयाल पाण्डेय, अम्बर भाई, दशरथ लाल सरोज, महेश चौधरी, दिलीप चौधरी,बंशीलाल चौधरी, नन्हें पासी,सुरेश गौतम, अभिनंदन गौतम, घनश्याम गौतम, मोतीलाल अम्बेडकर, मीडिया प्रभारी मोहम्मद सुफियान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बसपा कार्यालय ओसा में मीटिंग के दौरान बोलते वक्ता


बैंकों की चेकिंग करते पुलिस चौकी इंचार्ज अझुवा

## चौकी इंचार्ज ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र में स्थित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकी इंचार्ज विजय कुमार कुशवाहा ने निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशानुसार अझुवा चौकी पुलिस सजग दिखाई दे रही है चौकी इंचार्ज विजय कुशवाहा का पुलिस मित्रवत व्यवहार रात्रिगस्त का क्षेत्र के लोगों में असर दिख रहा है जब से चौकी का प्रभार संभाला है अपराध, लड़ाई झगड़े तक मे सुलझाने में काफी हद तक यह सफल हुए हैं। बैंकों में किसी प्रकार की घटना न होने पाए इसके लिए बराबर निरीक्षण कर रहे हैं बैंक के आसपास चेकिंग अभियान चलाकर बैंक के अंदर तैनात सुरक्षा कर्मी सीसीटीवी अलार्म सहित सुरक्षा के अन्य बिन्दुओं की जांचकर बैंक अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्क रहने सुरक्षा व्यवस्था में कोताही न बरतने के निर्देश दिया।

# विधवा और विकलांग को बांटा गया कंबल


विकलांग को कम्बल वितरित करते

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककोढ़ा में ग्राम प्रधान द्वारा गांव के गरीब असहाय विधवा और विकलांग लोगों को कंबल वितरण किया गया है बढ़ती ठंड के चलते गरीबों के पास ठंड से बचाव के लिए कंबल नहीं थे जिस पर लोगों ने ग्राम प्रधान से सहयोग करने की अपील की ग्रामीणों की अपील पर ग्राम प्रधान ने कंबल वितरण किया है। जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के ककोढा गांव में शनिवार के दिन ग्राम प्रधान ने गांव के विकलांग विधवा गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया है प्रधान के द्वारा कंबल मिलने के बाद ग्रामीणों ने उनकी सराहना की है।

## ठेकेदार ने जनता के भरोसे छोडी खुली नाली

**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग के लापरवाह ठेकेदार और अवर अभियंता के चलते आए दिन ग्रामीण नाली में गिर कर चोटिल हो रहे हैं लापरवाही बरतने वाले अवर अभियंता और ठेकेदार के कारनामों पर क्या आलाधिकारी लगाए लगायेंगें। इन ठेकेदारो पर लगाम ना लगाए जाने से ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और सरकारी खजाने से कार्यों का भुगतान कराए जाने के बाद भी उसे अधूरा छोड़ देते हैं जनपद के तहसील सिराथू के अन्तर्गत हाइवे से जुड़ी पी डब्लू डी की सड़क से बिदनपुर रेलवे स्टेशन को जाने वाली रोड़ की नाली ठेके दार द्वारा खुली भगवान भरोसे छोड़ दी गई, जिससे आये दिन असमजन्ता व जानवर खुली नाली में गिर कर चोटहिल हो रहे है जेई के अनुसार 70 प्रतिशत ककोढा की नाली ढलाई जायेगी जबकि अभी तक दो प्रतिशत भी ठेकेदार ने नाली चटिया नहीं भेजी क्या जिले के आला अधिकारी इन मनमानी करने वाले ठेकेदारों से समस्याओं का निस्तारण करायेगें या लोगों को चोटहिल होने के लिए छोड़ देंगे।


पुलिस भर्ती परीक्षा में परीक्षा देकर वापस केन्द्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी

## दो केंद्रों पर आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के दो परीक्षा केंद्रों में पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था प्रशासन की सख्ती के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई है परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे शनिवार को पुलिस भर्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस तैनात रही। गौरतलब है कि पुलिस भर्ती के लिए चायल तहसील इलाके में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दो पालियों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा रसूलाबाद कोइलहा के मधु वाचस्पति कालेज और तिलहापुर मोड़ के कौशाम्बी डिग्री कालेज में दो अलग अलग पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। प्रत्येक पाली में क्रमशः 485 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर बुलाया गया था। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अराजकता न हो इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। केंद्रों पर मुन्ना भाईयों पर भी पुलिस की पैनी निगाह रही।

## शिविर में तीन लाख पचासी हजार रुपए की वसूली गयी बकाएदारी

**कड़ा, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र कमालपुर में शुक्रवार को कोरोना की विपदा में आई विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यावसायिक, औद्योगिक और निजी संस्थानों को विद्युत बिलों के भुगतान में सहूलियत देने के लिए उपखंड अधिकारी प्रभात कुमार की अगुवाई में कोविड 19 एकमुश्त समाधान योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं ने कोविड-19 एक मुश्त समाधान योजना के तहत अपने बकाया बिजली बिलों के सरचार्ज में सौ प्रतिशत माफी का लाभ लिया। उपखण्ड अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया है कि यह पहला मौका है जब उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन व्यावसायिक, औद्योगिक और निजी संस्थानों के लिए ऐसी योजना लेकर आया है। जिसमें संबंधित श्रेणियों के सभी अधिभार वाले उपभोक्ताओं को सम्मिलित किया गया है। शिविर में तीन लाख पचासी हजार रुपए की बकाएदारी वसूली हुई। इस दौरान अवर अभियंता महेन्द्रनाथ सहित राजकुमार, प्रमोद साहू, दिनेश चौरसिया, होरीलाल साहू, सतीष साहू, कमलेश कुमार, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, हिसाम उद्दीन आदि रहे।

# फर्जी तरीके से तालाबों की नीलामी कर अपनों को करा दिया कब्जा

**भाजपा नेता की शिकायत पर तालाब की फर्जी नीलामी की जांच अधिकारियों ने की पुष्टि**

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में सरकारी भूमि पर कब्जा करने की नियत से बीते दिनों अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत चेयरमैन ने गुपचुप तरीके से तालाबों की नीलामी कर दी थी और अपनों को नीलामी के बहाने तालाब में काबिज करा दिया था जबकि तालाब की नीलामी मछली पालन के लिए किया जाता है और जिन लोगों को तालाब नीलामी में दिया गया उनका मछली व्यवसाय से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा फर्जी तरीके से एक साजिश के तहत तालाबों पर कब्जा कराने के इस मामले को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी ने गंभीरता से लिया और जिलाधिकारी से शिकायत की भाजपा नेता की शिकायत के बाद नगर पालिका परिषद में हड़कंप मच गया और जांच के दौरान जांच अधिकारियों ने पाया कि तालाब की नीलामी में नगरपालिका के जिम्मेदारों की मंशा साफ नहीं है और उन्होंने जिस तरह से नीलामी की है वह तमाम कमियों को उजागर कर रहा है जिस तालाब की नीलामी में राजस्व की लाखों रुपए की रकम सरकारी खजाने में जमा होनी चाहिए उसमें छह हजार रुपए की रसीद काटकर तालाब पर नीलामी लेने वालों को काबिज करा दिया गया गुपचुप तरीके से तालाबों की नीलामी के इस मामले में आधा दर्जन तालाब नीलाम कर दिए गए थे। भाजपा नेता की शिकायत पर तालाब नीलामी की जांच हुई और जांच के दौरान फर्जी नीलामी की रिपोर्ट भी जांच अधिकारियों ने लगा दी है लेकिन अभी तक तालाब नीलामी की आड़ में सरकारी संपत्ति दूसरे को कब्जा कराने वाले नगर पंचायत के जिम्मेदारों पर दोष सिद्ध नहीं हुआ है दोषियों पर दोष सिद्ध किया जाना चाहिए और तालाब नीलामी में हेराफेरी करने वाले इन जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए लेकिन अभी तक दोषियों पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है नगर वासियों ने एक बार फिर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तालाब नीलामी में हेरा फेरी कर कम कीमत सरकारी खजाने में जमा कर शेष रकम अपनी तिजोरी में जमा करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग नगर की जनता ने की है।

## भाई का 25 हजार का इनामी हत्यारोपित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** हथिगवांव थाना क्षेत्र के एक घर के बंटवारे के लिए बड़े भाई की पीटकर हत्या करने के आरोपित 25 हजार रुपये के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। हथिगवां थाना क्षेत्र के टिकुरी दशरथपुर निवासी सूर्य पाल यादव की 3 अक्तूबर 2020 को सगे भाई राजेन्द्र यादव ने हत्या कर दी थी। पारिवारिक बंटवारे के विवाद में लाठी-डंडे से उसकी पिटाई की गई थी। घटना के बाद से ही राजेन्द्र फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। शनिवार सुबह एसओ उदय त्रिपाठी को सूचना मिली कि वह अहिबरनपुर नदी पुल के पास खड़ा है।

# प्रतिबंधित मवेशी काटने पर महिला समेत सात गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ क्षेत्र के कंधई इलाके में एक बार फिर प्रतिबंधित मवेशी काटकर मांस बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने 150 किलो मांस बरामद करने के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया।

कंधई पुलिस को शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे राजापुर मुफरिद में इश्तियाक अहमद के घर प्रतिबंधित मवेशी काटने की सूचना मिली। इस पर एसआई अनुज यादव, श्याम बिहारी सिंह, संदीप सिंह, कांस्टेबल अश्वनी कुमार, आशीष तिवारी, प्रदीप व प्रीती तोमर ने उसके घर दबिश दी तो लोग भागने लगे। पुलिस ने मौके से इश्तियाक अहमद, उसकी पत्नी नूरजहां, पुत्र इस्तखार, मोबीन, मुख्तार और दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 150 किलो मांस, तीन चापड़, तीन छुरी, तराजू, बाट, ठीहा, रस्सी और मांस बिक्री के 550 रुपये नकद बरामद किया। पुलिस ने सभी को शनिवार को जेल भेज दिया।

## नकाबपोश ने कार्यालय से गायब किया टाइनी शाखा संचालक का लैपटॉप

**प्रतापगढ़।** आलापुर बाजार स्थित एसबीआई के टाइनी शाखा संचालक का लैपटॉप नकाबपोश युवक ने कार्यालय से गायब कर दिया। पुलिस को घटना की तहरीर दी गई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां बाजार के रहने वाले सुरेश कुमार पांडेय एसबीआई के टाइनी शाखा संचालक हैं। आलापुर तिराहे पर उनकी शाखा है। शुक्रवार दोपहर वह शाखा से कुछ दूर स्थित बैंक में पैसे लेने चले गए। इसी बीच बाइक से एक नकाबपोश युवक पहुंचा। बाइक खड़ी कर टाइनी शाखा के अंदर गया। मेज पर रखा लैपटॉप जैकेट के भीतर रखकर भाग निकला। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कुछ देर बाद सुरेश बैंक से लौटे तो लैपटॉप गायब देख सन्न रह गए। सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो नकाबपोश युवक लैपटॉप उठाते, जैकेट में छिपाकर जाते हुए देखा गया। नकाब होने से चेहरा स्पष्ट नहीं दिखा। नकाबपोश लुटेरों ने टाइनी शाखा संचालक का लैपटॉप चुराया।

# सवा करोड़ की लागत से बनने वाली पिचमार्ग का किया गया भूमिपूजन

**रामपुरखास मे विधायक मोना के सहयोग से अनवरत चलता रहेगा विकास का रथ : प्रमोद**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के मधुकरपुर मे गुरूवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने सवा करोड़ की लागत से बनने वाली पिच रोड का भूमिपूजन किया। मधुकरपुर गांव मे भूमिपूजन के बाद जनसभा मे श्री तिवारी ने भारी भीड़ को संबोधित किया। लाव लश्कर के साथ यहां पहुंचे सीडब्लूसी मेंबर व आउटरीच कमेटी के प्रदेश प्रभारी प्रमोद तिवारी ने मधुकरपुर-मटियारा वाया डुहिया पिच मार्ग का भूमिपूजन करने के बाद जनसभा मे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से एक करोड तैतींस लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो किलोमीटर लंबे मार्ग से जनता के लिए फायदा होगा। इसके बन जाने से क्षेत्र के रामघाट, कौशिल्यापुर, पचारा, पूरे नीमी, गड़हा, अगई, तेलियार का पुरवा समेत दर्जन भर गांव के लोगों का आवागमन सरल व सुलभ हो सकेगा। पूर्वांचल विकास निधि योजना के तहत पीडब्ल्यूडी से बनने वाली सड़क शीघ्र ही जनता के लिए समर्पित करने की भी श्री तिवारी ने घोषणा की। जनसभा मे जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि विधायक मोना के सहयोग से रामपुरखास मे विकास का रथ अनवरत जारी रहेगा। लोगों को बिजली पानी, सड़क व स्वास्थ्य तथा शिक्षा समेत विकास की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वह दिन-रात प्रयास करेगें। पूर्व सांसद श्री तिवारी ने कहा कि विकास तभी संभव है जब उसमे क्षेत्र की जनता का पूरा सहयोग मिले। उन्होनें प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए जनसभा मे कहा कि विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के बजाय भाजपा सरकार लोगों को आपस मे लडाने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि विकास कार्य प्रदेश मे पूरी तरह से पटरी से उतर चुकें है। किसानो को बिजली-पानी के लिए हलाकान होना पड़ रहा है और अपनी मांगे पूरी करने के लिए सड़क पर उतरने के दौरान उन पर पुलिस की लाठियां बरस रही है। श्री तिवारी ने प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए किसानो का उत्पीड़न करने की बात कही। जनसभा की अध्यक्षता लालगंज के ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह ददन व संचालन हरिबहादुर सिंह ने किया। संयोजन प्रधान इन्द्रेश यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, बडे लाल सिंह, अनिल सिंह, आशुतोष सिंह, शरद सिंह, अतुल शुक्ला, जय सिंह, पप्पू तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, छोटेलाल सरोज, महमूद आलम, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, ओम पाण्डेय, शिव बहादुर सरोज, निक्के सिंह, रामकृष्ण तिवारी, विनोद सिंह, नीतेश सिंह, रामचंद्र तिवारी, मुरलीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।


पिच मार्ग का भूमिपूजन करते सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी

# जर्जर भवन के नीचे कार्य करने को मजबूर राजकीय बीज भंडार के कर्मचारी

**रानीगंज प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील मुख्यालय से दो सौ मीटर दूर पट्टी मार्ग पर बना राजकीय बीज भंडार पूरी तरह से खनडहर में तब्दील हो गया है इसके बावजूद भी कर्मचारियों को इस जर्जर भवन के नीचे बैठकर कार्य करना पड़ रहा है जो कि एक बड़े खतरे को निमंत्रण दे रहा है । राजकीय बीज भंडार के स्टोर कीपर रामराज ने बताया कि कुछ महीने पहले अधिकारी सर्वे करने के लिए आए थे लेकिन इस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।इस मामले में तहसील प्रशासन भी अनभिज्ञ बना बैठा है। किसानों का कहना है कि इस राजकीय बीज भंडार को शिवगढ़ ब्लॉक ले जाना चाहते हैं जिससे जिससे यहां के किसान पूरी तरह इस सुविधा से वंचित हो जाएंगे। यह मुख्यालय के नजदीक था और पट्टी मार्ग पर था इसलिए लोगों को यहां से सुविधाएं मिल जाती थी। शिवगढ़ ब्लॉकजाने पर जाने से यह मेन रोड से डेढ़ सौ मीटर अंदर हो जाएगा जिससे लोगों को बीज और खाद ले आने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा ।


जर्जर अवस्था में राजकीय बीज भंढार केन्द्र